बुखार से बालक एवं वृद्ध की मौत

चित्रकूट। गुरुवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में ११७८ मरीजों का पंजीयन हुआ। इसी बीच चार वर्षीय बालक और एक वरिष्ठ नागरिक की मौत हो गयी। सुबह से ही जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने वाले काउंटर पर मरीजों और तीमारदारों की भीड़ लगी रही। दवा वितरण कक्ष में भी मरीजों की लंबी कतार रही। पहाड़ी के बाबूपुर निवासी चार वर्षीय नीलेश को दो दिन से बुखार था। पिता रामकुमार के मुताबिक निजी अस्पताल में इलाज के बाद उसकी हालत ठीक हो गयी थी।

गुरुवार सुबह खेलते समय वह गिरकर बेहोश हो गया। उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने निमोनिया की आशंका जताई। इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गयी। मछली मंडी निवासी रंजीत कुमार की ७० वर्षीय दादी दसिया देवी तीन दिन से बुखार से पीड़ित थीं। बुधवार रात हालत बिगड़ी तो जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गयी।

मलिन बस्ती में चलाया स्वच्छता अभियान

चित्रकूट। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत मलिन बस्ती पुराना खटखाना एवं शंकर बाजार में एक दिन, एक घंटा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों, गलियों, सार्वजनिक स्थानों एवं आसपास के स्थानों पर विशेष स्वच्छता करायी गयी। सफाई के बाद एकत्रित कचरे को व्यवस्थित रूप से हटाकर निर्धारित स्थान पर भेजा गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। नागरिकों से अपील की गयी कि वे प्रतिदिन कम से कम एक घंटा स्वच्छता के लिए समर्पित करें और अपने घर, गली, मोहल्ले तथा आसपास के सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। उन्हें बताया गया कि स्वच्छ वातावरण से बीमारियों की रोकथाम होती है और क्षेत्र का सौंदर्य भी बढ़ता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में अधिशासी अधिकारी राजकिशोर प्रसाद, समाजसेवी राजकिशोर शिवहरे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने नागरिकों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं डस्टबिन की आदत अपनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बताया कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

ग्रामोदय विवि के दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि बढ़ी

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित सत्र २०२६-२७ के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों के लिए एक राहत भरी खबर है। विवि प्रशासन ने एम.पी आनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया है। दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत शिक्षा केंद्र के निदेशक डा. उमेश कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा और डिप्लोमा स्तर के समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि ३० सितम्बर थी। छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए इस तिथि को विस्तारित कर अब आठ अक्तूबर कर दिया गया है।

अभियंता एवं कर्मियों ने किया रक्तदान

चित्रकूट। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत डीएम के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय सोनेपुर में टीम ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंताओं एवं फर्म एल एंड टी के इंजीनियर्स, टीपीआई के इंजीनियर्स सहित विभाग के कुल १६ कार्मिकों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।




चोरी के बाद आलमारी देखता पीड़ित।

दिनदहाड़े बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की नकदी एवं जेवरात चोरी

जौनपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र की शिवधाम कालोनी (कटघरा) में बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े एक बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी, सोने के गहने और बिजली के तार के बंडलों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता गुरजीत कौर (पत्नी स्व. योगेंद्र सिंह) की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार, वह दोपहर में मकान में ताला लगाकर अपने बेटे को खाना देने ओलंदगंज स्थित दुकान पर गयी थीं। उनकी बेटी भी पढ़ाई के बाद सीधे दुकान पहुंच गयी थी। रात करीब सवा आठ बजे जब मां-बेटी घर लौटीं, तो मुख्य दरवाजे का कुंडा टूटा देख सन्न रह गईं। अंदर कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखे करीब सवा से डेढ़ लाख रुपये नकद और सोने के जेवरात पार कर दिए। इसके अतिरिक्त घर में रखे पालीकैब के ८ से १० बंडल कीमती तार भी चोरी चले गये। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुटी है।

ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात वृद्ध की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस



जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मेहरावां रेलवे क्रासिंग के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक रेल हादसे में करीब ६० वर्षीय अज्ञात वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। शाहगंज से वाराणसी की ओर जा रही यात्री ट्रेन की चपेट में आने से यह दुर्घटना हुई। सुबह रेलवे ट्रैक के समीप शव पड़ा देख ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, मृतक के पहनावे एवं हुलिए के आधार पर आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की गई, लेकिन दोपहर तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पहचान के लिए सुरक्षित रखवा दिया है और सीमावर्ती गांवों में सूचना भेजकर शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हुई शुरुआत

जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने रैली को दिखायी हरी झंडी, दिलायी स्वच्छता की शपथ

चित्रकूट। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तृतीय चरण का आयोजन जनपद मे १ से ३१ अक्तूबर एवं दस्तक अभियान १२ से ३१ अक्तूबर तक किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन गुरुवार को डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सीएमओ डा महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका आरके प्रसाद एवं अरून कुमार पाण्डेय जिला कार्यकम अधिकारी द्वारा सफाई कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई वाहनो आदि की रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

रैली से पूर्व उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को संचारी रोगो के रोकथाम एवं बचाव के लिए शपथ दिलायी गयी। सीएमओ ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए समस्त ब्लाको एवं शहरी क्षेत्र मे नोडल नियुक्त कर दिये गये है एवं मानिटरिंग एजेंसी डब्लूएचओ द्वारा अभियान की गुणवत्ता सुधारने के लिए सहयोगात्मक कार्य किया जा रहा है। अपर सीएमओ वीबीडी डा जीआर रतमेले द्वारा बताया गया कि दस्तक अभियान के अन्तर्गत आशा एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियो द्वारा घर-घर भ्रमण कर एवं भ्रमण के दौरान क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, कुपोषित बच्चो आदि की जानकारियां एकत्र करेंगी। साथ ही घर के प्रत्येक सदस्यो की आभा आईडी बनाने का कार्य भी किया जायेगा। जिला मलेरिया अधिकारी आरके सिंह द्वारा बताया गया कि शहरी क्षेत्र मे मलेरिया टीम को पूरे अभियान के दौरान प्रचार-प्रसार, एण्टी लार्वा स्प्रे एवं सोर्स रिडक्शन के लिए लगा दिया गया है।

उद्घाटन के अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संतोष कुमार, जिला सर्विलांस अधिकारी डा दयाशंकर, डिप्टी सीएमओ डा अरून कुमार, डा श्याम जाटव, एसएमओ, डब्लूएचओ, डीपीएम आरके करवरिया, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक ज्योति सिंह, प्रगति चन्देल, जयशंकर गुप्ता एवं मलेरिया विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को किया गया जागरूक

चित्रकूट। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में वृद्धाश्रम विनायकपुर कर्वी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं तहसीलदार कर्वी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों से सम्बन्धित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

मेरे सपनों का भारत विषय पर हुए नुक्कड़ नाटक एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम

चित्रकूट। विकसित भारत २०४७ के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने तथा नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कृषक इंटर कालेज भौंरी में 'विकसित भारत २०४७ मेरे सपनों का भारत' विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारीगण, भाजपा के वरिष्ठ नेतागण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी की छात्राओं द्वारा ग्रामसभा खोह एवं कोठिलाई में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक मऊ मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी ने की। कार्यक्रम का आयोजन आईटीआई मानिकपुर के प्राचार्य द्वारा किया गया।

इसका उद्देश्य युवाओं को करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करना तथा उनके कौशल विकास एवं रोजगारपरक अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा। इन आयोजनों के माध्यम से जनसामान्य एवं युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने, जागरूक नागरिक बनने तथा वर्ष २०४७ तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



प्रदर्शनी देखते मानिकपुर विधायक।

बुद्ध स्मारक के विकास की उठायी मांग, दिया ज्ञापन

चित्रकूट। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में मालकाना डिलौरा ग्राम पंचायत में बुद्ध स्मारक के सौंदर्यीकरण को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर एसडीएम को सौपा। ज्ञापन में बताया गया कि प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित बुद्ध स्मारक बौद्ध अनुयायियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रतिवर्ष वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर भंडारा एवं सामूहिक ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। बताया कि स्मारक तक जाने के लिए पक्का मार्ग न होने तथा पेयजल, शौचालय और प्रकाश व्यवस्था के अभाव में श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मांग किया कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करायी जाए। इस मौके पर श्रीपाल प्रजापति जिला महासचिव, मोहम्मद मुश्ताक सिद्दीकी जिलाध्यक्ष लीगल सेल, दिनेश कुमार सनेही, मनोज कुमार, अशोक कुमार, शिवचरण आजाद, राजकरण वर्मा, लवकुश वर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आबादी के बीच चल रहे अवैध पोल्ट्री फार्म के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जौनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने एकत्रित होकर आबादी के बीच संचालित अवैध पोल्ट्री फार्म के विरोध में प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपा।प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि विशुनपुर मझवारा और सुरहरपुर गांव में नियमों को ताक पर रखकर एक अवैध पोल्ट्री फार्म चलाया जा रहा है। मानकों के अनुसार ऐसा फार्म घनी आबादी से कम से कम ५०० मीटर दूर होना चाहिए, जबकि यह बस्ती से महज ५० मीटर की दूरी पर स्थित है। ग्रामीणों का आरोप है कि फार्म से उठने वाली तीव्र दुर्गंध के कारण लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है और इलाके में मक्खी-मच्छरों की भरमार हो गयी है। इसके चलते क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया, डायरिया और सांस की बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है, जिससे बच्चे एवं बुजुर्ग सर्वाधिक प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने फार्म को तत्काल सील करने अथवा दूर स्थानांतरित कराने की मांग की है।

सिकरारा में सई नदी में उतराता मिला अज्ञात शव, सनसनी

जौनपुर। सिकरारा थाना क्षेत्र स्थित बरगुदर पुल के समीप गुरुवार को सई नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। पुल से गुजर रहे राहगीरों ने जब नदी में शव बहते देखा, तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी।घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। मृतक की उम्र करीब ३५ से ४० वर्ष के बीच आंकी जा रही है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों से गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। प्रथम दृष्टया शव कुछ दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

स्कूलों में छात्र-छात्राओं को बताये गये पाक्सो एक्ट के प्रावधान

चित्रकूट। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में गांधी जयन्ती के अवसर पर पाक्सो एक्ट २०१२ के प्रावधानों और उसके कानूनी परिणामों के सम्बन्ध में जागरूकता फैलाने के लिए प्रथम चरण तक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला जज शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गुरुवार को अलग-अलग स्कूलों में महत्वपूर्ण कानूनी जागरूकता कार्यक्रम किये गये। सन्त थोमस हायर सेकेण्डरी स्कूल में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सृष्टि शुक्ला, अशोक पब्लिक स्कूल कालूपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अभिनय कुमार दुबे, गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कालेज कर्वी विदिशा भूषण सिविल जज ने बच्चों को समझाया कि इस कानून के तहत आरोपी पर ही यह दायित्व होता है कि वह अपना निर्दोष होना सिद्ध करे, न कि पीड़ित बच्चे पर। शिक्षकों और अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्कूल और घर बच्चों के लिए सबसे सुरक्षित स्थान होने चाहिए। शिक्षकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है ताकि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या बच्चे के व्यवहार में आए अचानक बदलाव को पहचान सकें।

उन्होंने विद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें और बच्चों के लिए एक सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण सुनिश्चित करें जहाँ वे बिना किसी डर के अपनी समस्याएं साझा कर सकें।पाक्सो अधिनियम, २०१२ विशेष रूप से १८ वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया एक कठोर कानून है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम लिंग-तटस्थ है और यह लड़कों और लड़कियों दोनों की समान रूप से रक्षा करता है। न्यायाधीश ने बच्चों को यह भी समझाया कि इस कानून के तहत आरोपी पर ही यह दायित्व होता है कि वह अपना निर्दोष होना सिद्ध करे न कि पीड़ित बच्चे पर। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि यदि उनके साथ कोई गलत घटना घटती है तो कानून उनकी पूरी रक्षा के लिए तैयार खड़ा है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा प्रदान की जाएगी।

भरोसा बांध से निकली नहर को बनाया जाये आरसीसी-जितेन्द्र मोहन

चित्रकूट। मानिकपुर कस्बा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा जितेन्द्र मोहन शुक्ल ने जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह एवं सूबे के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मानिकपुर स्थिति भरोसा बांध से निकलने वाली नहर को पक्का बनवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि भरोसा बांध नहर से मानिकपुर, गुरौला, ऐलहा बढ़ैया, उमरी, खिचरी आदि गांवों के किसानों की फसलों के लिए एकमात्र सहारा है परन्तु नहर की पटरी जगह-जगह से कटी होने के कारण अधिकांश पानी बेकार बह जाता है और टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता है। जिससे किसानों की फसलें सूखकर बेकार हो जाती हैं। ऐसे में पाठा क्षेत्र मानिकपुर के किसानों की सिंचाई की समस्या को खत्म करने के लिए भरोसा बांध से निकलने वाली नहर को पूरी आरसीसी बनाई जाये।

दीपक हत्याकांड में परिजनों का कलेक्ट्रेट में अनिश्चितकालीन धरना

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के ग्राम मुज्जकीपुर निवासी दीपक विश्वकर्मा हत्याकांड के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित परिजनों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

परिजनों ने बताया कि दीपक विश्वकर्मा बीते ३० अगस्त को रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गये थे। इसके बाद १ सितंबर को उनका शव खेत में बरामद हुआ था। परिजनों का आरोप है कि घटना के एक माह बाद भी पुलिस ने मामले में अपेक्षित ठोस काररवाई नहीं की, जिससे तंग आकर उन्हें धरने पर बैठने को मजबूर होना पड़ा।

परिजनों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई की मांग की है। धरनारत परिजनों ने चेतावनी दी कि यदि उच्चाधिकारियों ने शीघ्र न्यायोचित कदम नहीं उठाए, तो वे शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे।



कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन करते आक्रोशित परिजन।

वृद्ध को जहरीले सांप ने डसा, अस्पताल में मौत

जौनपुर। मछलीशहर थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर गागरिया में बुधवार देर रात चारपाई पर सोते समय विषैले सर्प के डसने से ६० वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी।परिजनों के अनुसार, रामनगर गागरिया निवासी पन्नालाल बिंद (६०) बुधवार की रात करीब १२ बजे अपने घर के कमरे में मच्छरदानी लगाकर चारपाई पर सो रहे थे। इसी दौरान कहीं से घुसे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। पन्नालाल द्वारा चीखने-चिल्लाने पर परिजन दौड़े और उन्हें तत्काल आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर ले गये। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एसपी ने विवेचकों का किया अर्दली रूम

चित्रकूट। एसपी एके सिंह ने थानों के विवेचकों का अर्दली रुम कर लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर सत्येन्द्र सिंह मौजूद रहे। एसपी ने सर्किल नगर के थानों के विवेचकों को निर्देश दिये कि साक्ष्य ऐप से अधिकाधिक जेनरेट कर लिंक करें। समन का समयबद्ध तामीला किया जाए। ध्प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही, चोरी, नकबजनी, टप्पेबाजी की घटनाओं का सफल अनावरण एवं प्रभावी रोकथाम किया जाए। महिला, दलित उत्पीड़न संबंधी अपराधों में प्रभावी एवं समयबद्ध कार्यवाही करें। कहा कि फरियादियों के साथ मृदुल व्यवहार के साथ उनकी समस्या को सुनने के लिए पर्याप्त समय दें।

बुंदेलखण्ड संघर्ष मोर्चा के सम्मेलन में जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा

चित्रकूट। सीतापुर स्थित रैनबसेरा में बुंदेलखण्ड संघर्ष मोर्चा का एक दिवसीय सम्मेलन हुआ। इसमें दिया महिला मंच, दस्तक महिला मंच, दलित महिला समिति, दलित आदिवासी जन संगठन, बुंदेलखण्ड खेती बचाओ मोर्चा तथा एकता मंच के प्रतिनिधियों सहित किसान, मजदूर, महिला, युवा और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की रंजीता पाण्डेय, विधिक सेवा प्राधिकरण के रवि कुमार, चित्रकूट कलेक्टिव से मीरा जाटव, बांदा प्रभात समिति के राजाराम, बुंदेलखण्ड खेती बचाओ मोर्चा के कोठारी तथा दिया वेलफेयर सोसाइटी की ममता सोनी सहित अन्य लोगों ने सहभागिता की। सम्मेलन में पानी की कमी, गिरता भूजल, खेती और सिंचाई का संकट, रोजगार के अभाव, पलायन, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

जैविक खेती और स्थानीय कृषि उत्पादों के लिए बाजार, प्रसंस्करण और उचित मूल्य की व्यवस्था पर भी जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पानी, खेती, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के सवाल आपस में जुड़े हैं। इनके समाधान के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी के साथ साझी रणनीति और सामूहिक कार्ययोजना जरूरी है।

सम्मेलन में ग्राम सभा, स्थानीय लोकतंत्र और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

दो गुटों में टकराव की सूचना पर पहुंची पुलिस, कई युवक हिरासत में

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के हौज पोखरा गांव में गुरुवार दोपहर दो गुटों के युवकों के बीच कहासुनी के बाद टकराव की स्थिति बन गयी। सूचना मिलते ही पुलिस के पहुंचने से संभावित मारपीट की घटना टल गयी। पुलिस ने मौके से कई संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।थानाध्यक्ष कमलनयन दुबे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पुराने विवाद को लेकर हौज पोखरा के पास दोनों पक्षों के दर्जनों युवक लाठी-डंडों के साथ जुटे हैं और गाली-गलौज कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष को देखते ही कई युवक मौके से भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर कुछ युवकों को पकड़ लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि हिरासत में लिए गये युवकों से पूछताछ की जा रही है।

कृषि ज्ञान दूत प्राकृतिक खेती एवं स्वावलंबन को करें प्रेरित-सीडीओ

चित्रकूट। कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में संचालित जिला खनिज न्यास से पोषित कृषि ज्ञानदूत योजना के अंतर्गत विकास खण्ड कर्वी की एक दिवसीय वृहद कार्यशाला का आयोजन रामायण मेला परिसर सीतापुर में किया गया। कार्यशाला में कर्वी ब्लाक के १६८ राजस्व गांवों से चयनित कृषि ज्ञान दूतों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीओ डीपी पाल, दीनदयाल शोध संस्थान के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक पाण्डेय एवं राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। सीडीओ ने कहा कि कहा कि सभी कृषि ज्ञान दूत सरकार और किसान के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सभी अपने-अपने राजस्व गांव में जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करना है। रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी मिट्टी बीमार हो रही है। इसे बचाना है। गौ-आधारित प्राकृतिक खेती ही हमारे बुंदेलखंड को फिर से खुशहाल बनाएगी। शासन की सहभागिता योजना के तहत चार देशी गायों का पालन कर सकते हैं। सरकार प्रति गाय ५० रुपये प्रतिदिन अर्थात एक महीने में १५ सौ रुपये प्रति गाय के हिसाब से अनुदान देगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे 'कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डा. राजेन्द्र सिंह नेगी' ने कहा कि रबी सीजन सबसे महत्वपूर्ण है। गेहूं की बुवाई १० से २५ नवम्बर के बीच करें। बीज को दो ग्राम कार्बेन्डाजिम प्रति किलो से उपचारित अवश्य करें। सरसों की बुवाई अक्तूबर के दूसरे पखवाड़े तक पूरी कर लें। चने के बीज को राइजोबियम कल्चर से उपचारित करने से १५ से २० प्रतिशत तक उत्पादन बढ़ता है। मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरक का प्रयोग करें। उप कृषि निदेशक जेएल गुप्ता ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा, बीज ग्राम, कृषि यंत्रों पर ५० प्रतिशत अनुदान, सोलर पंप जैसी अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं GEM/2026/B/8083256 दिनांकः 30.09.2026

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर **दिनांक 21.10.2026** तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार हैः-

जेम बिड सं.: GEM/2026/B/8083256 दिनांक 30.09.2026	**अनुमानित मूल्य (रू):** 41,97,600.00
कार्यों का विवरणः सहायक मण्डल इंजीनियर चुनार के अन्तर्गत वरिष्ठ खण्ड इंजीनियर चुर्क एवं वरिष्ठ खण्ड इंजीनियर चुनार के लिए 9 टन क्षमता वाले 2 नं0 ट्रक वाहन की आपूर्ति का कार्य।	
अग्रिम धन राशि मूल्य (रू): 83,960	**कार्य समापन की अविधः** 24 माह
निविदा बंद होने की तिथिः 21.10.2026	
पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिमिलर कार्यः सप्लाई आफ रोड वेहिकल्स आन हायरिंग बेसिस टू सेन्ट्रल/स्टेट गवर्नमेंट सेमी गवर्नमेंट बाडीज आफ सेन्ट्रल/स्टेट गवर्नमेंट एवं पब्लिक सेक्टर अन्डर टेकिंग आफ सेन्ट्रल/स्टेट गवर्नमेंट	

नोटः-1. आनलाइन निविदा **बंद होने** की तिथि तक प्रस्तुत की जा सकती है। **2.** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर निविदा **बंद होने** की तिथि तक उपलब्ध है।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2235/26(K)

गोरखपुरमें राज्यस्तरीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगितामें हिस्सा लेंगे प्रयागराजके खिलाड़ी



उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित हो रही माध्यमिक विद्यालयीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के क्रम में ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता का आयोजन गोरखपुर के मुरारी इण्टर कालेज, सहजनवा, गोरखपुर में तीन अक्तूबर से सात अक्तूबर तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज मण्डल से मधु वाचस्पति इण्टर कालेज, सुलेम सराय से चयनित छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगी। प्रतिभागी दो अक्तूबर की शाम गोरखपुर के लिउए रवाना होंगे। विद्यालय से बालिका वर्ग में अण्डर १४ आयु वर्ग से चाँदनी, दीपिका मिश्रा, अण्डर १७ आयु वर्ग से तृषा कश्यप, माहम परवीन, अनन्या कन्तु, माही केसरवानी, चाहत राज, अण्डर १९ आयु वर्ग से महिमा मिश्रा, श्रद्धा अग्रहरि इसी प्रकार बालक वर्ग में अण्डर १४ आयु वर्ग से आरव आदि वर्मा, विशिष्ट, अण्डर १७ आयु वर्ग से अभय सिंह एवं अथर्व वेदान्त अपनी दावेदारी पेश करेंगे। इस मौके पर विद्यालय के प्रबन्धक डा. वाचस्पति (पूर्व विधायक), प्रधानाचार्या श्रीमती शारदा मिश्रा एवं उप प्रधानाचार्य मंजीत ने सभी चयनित खिलाड़ी, टीम कोच श्रीमती मंजू, कुमारी (क्रीड़ा प्रशिक्षिका मधु वाचस्पति इण्टर कालेज) और मैनेजर सुश्री सोनाली को प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

एसीए लीग के प्रवेश फार्म जमा करनेकी तिथि बढ़ी

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) की लीग समिति ने टीमों के अनुरोध पर सत्र २०२६-२७ में आयोजित होने वाली ए, बी, सी एवं डी डिवीजन लीग के प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब टीमें ३० सितंबर के बजाय नौ अक्तूबर तक अपने प्रवेश फार्म जमा कर सकेंगी। एसीए के संयुक्त संयोजक (एसीए आफिस) डा.अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सभी टीमें निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश प्रपत्र, खिलाड़ियों के पंजीकरण प्रपत्र तथा पूर्ण लीग शुल्क जमा कर दें। उन्होंने बताया कि लीग शुल्क सत्र २०२५-२६ में जमा की गई राशि के अनुसार ही लिया जाएगा।

प्रयागराज खेल

जिलास्तरीय स्केटिंग चयन ट्रायल कल

प्रयागराज रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से ३ अक्टूबर को जॉर्ज टाउन स्थित स्टैंडर्ड रोलर स्केटिंग रिंक पर जिला स्तरीय स्पीड स्केटिंग चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। ट्रायल दोपहर ३ बजे से विभिन्न आयु वर्गों के बालक-बालिकाओं के प्रोफेशनल क्वाड और इनलाइन वर्ग में होगा। चयनित खिलाड़ी २३ से २६ अक्टूबर तक मेरठ में आयोजित होने वाली १२वीं राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में प्रयागराज जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। एसोसिएशन के अनुसार ट्रायल में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ियों को जन्म प्रमाणपत्र और आधार कार्ड की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है। आवेदन दो अक्टूबर तक किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक खिलाड़ी शाम ५ बजे स्टैंडर्ड रोलर स्केटिंग रिंक पर एसोसिएशन के सचिव हर्ष गुप्ता से संपर्क कर सकते हैं।

केएस स्पोर्ट्स टी-२० क्रिकेट कलसे

केएस स्पोर्ट्स की ओर से ३० प्लस कलर ड्रेस टी-२० क्रिकेट प्रतियोगिता तीन अक्टूबर से बीपीएस क्रिकेट क्लब झूंसी में शुरू होगी। लीग में केवल ३० वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकेंगे। आयोजन सचिव विपिन कुमार यादव के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक टीमें केएस स्पोर्ट्स, कटरा में या विपिन यादव से मोबाइल नंबर (८२९९३७३१९० एवं ८९२४८९५१५५) पर संपर्क पंजीकरण करा सकती हैं।जाएगा।

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्या-230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/663 दिनांकः 29.09.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क.वि0/30म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है -

निविदा सं.: 230-क0वि0-कार्य ठेका-1052-2026, **कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के चोला (CHL) और वैर (WIR) स्टेशनों पर पुराने FOB को नए FOB से बदलने के कारण 25kV OHE में संशोधन का कार्य।	
अनुमानित लागत (₹) : 1,09,70,480.38	**बिड सुरक्षा राशि (₹) :** 2,19,400.00
निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 21.10.2026, 14:00 बजे	**कार्य अवधि :** 12 महीना
निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 21.10.2026, 15:00 बजे	**बोली प्रणाली :** एक पैकेट

नोट :- (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। (2) उपरोक्त निविदा में ई. बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2229/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in